राजस्थान ग्रामीण रोजगार गारन्टी परिषद
एस0एस0ओ बिल्डिग, शासन सचिवालय,जयपुर

क्रमांक एफ 17(2)/ग्रा.वि./नरेगा/स्टोर/2011 जयपुर दिनांकः 11 JUN 2012

निविदा सूचना

राजस्थान ग्रामीण रोजगार गारन्टी परिषद द्वारा संविदा पर वाहन (टाटा इंडिका एवं अन्य वाहन) स्थानीय उपयोग, राज्य के समस्त जिलो एवं राज्य से बाहर दिल्ली यात्रा के लिये दैनिक किराये पर उपलब्ध कराने हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

वाहनो का मोडल वर्ष 2010 या इसके बाद का होना आवश्यक है।

निविदायें निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत की जानी है। निविदा प्रपत्र जो राशि रू.100/- नकद जमा कराने पर इस विभाग से दिनांक 26.06.2012 अपरान्ह 1.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रस्ताव दिनांक 26.06.2012 को ही अपरान्ह 3.00 बजे तक इस विभाग में जमा कराये जा सकते है। निविदायें इसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाओं के समक्ष निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में खोली जायेगी।

निविदा के साथ निविदा का अनुमानित मूल्य 5.00 लाख का 2 प्रतिशत अमानत राशि रू. 10,000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट/नगद आयुक्त, ईजीएस,राजस्थान ग्रामीण रोजगार गारन्टी परिषद जयपुर के नाम बनवाकर अथवा परिषद के बैंक खाते में जमा करवाकर रसीद संलग्न की जावे। अमानत राशि के अभाव में निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नही होगें।

किसी भी निविदा को अथवा निविदा के किसी भी भाग को कारण बताये बिना अस्वीकृत किया जा सकेगा। अन्तिम तिथि-समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेंगा। न्यूनतम दर की निविदा स्वीकृत करने हेतु परिषद बाध्य नही है। निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय), ईजीएस
कमरा नं0 8209, उत्तरी-पश्चिमी भवन
एस.एस.ओ. बिल्डिग,
शासन सचिवालय, जयपुर